चलो चलें खाटू नगरिया रे | By Ashu Verma

फागण में यूँ रंग बरसे
बदरा जैसे अम्बर से
सूने मन में उमंग जागी रे
कोई रस्ता ना रोके कोई हमको ना टोके
श्याम धुन की लगन लागी रे
हम रंगे तुम रंगे श्याम के रंग में रंगे
हम रंगे तुम रंगे श्याम के रंग में रंगे
चलो चले चलो चले खाटू नगरिया रे
बुला रहा बुला रहा श्याम सांवरिया रे

दिल से जुडी बातें सभी श्याम धणी से हमें कहना भी है
मस्त मगन बोले ये मन श्याम शरण में हमें रहना भी है
श्याम रंग में जो भी रंगा खुशहाल हुआ मशहूर हुआ
रास्ते का पत्थर जो उसके दर पे छुआ तो कोहिनूर हुआ
हम चले हम चले खाटू नगरी चले
हम चले हम चले खाटू धाम को हम चले
चलो चले चलो चले खाटू नगरिया रे
बुला रहा बुला रहा श्याम सांवरिया रे

चिंता फिकर सब छोड़ कर हम सब बाबा से मिलने आगे बढे
निश्छल जिसे ढूंढें नज़र चल खाटू चलके उसके दर्शन करे
क्या हुआ था कल कैसे होगा कल सोचने में क्या रखा है
सांवरे पे रखके भरोसा चल आने वाला पल अच्छा है
हम बंधे हम बंधे ऐसे बंधन में बंधे
हम बंधे हम बंधे ऐसे बंधन में बंधे
चलो चले चलो चले खाटू नगरिया रे
बुला रहा बुला रहा श्याम सांवरिया रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%a8%e0%a4%97%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-ashu-verma/